Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

स्वतंत्रता दिवस समारोह -2023

"इतनी सी बात हवाओं को बताए रखना
रोशनी होगी चिरागों को जलाए रखना
लहू देकर की है जिसकी सुरक्षा हमने
ऐसे तिरंगे को हमेशा अपने दिल में बसाए रखना"

देश की आज़ादी की 77 वीं वर्षगाँठ के शुभ अवसर को संपूर्ण भारतवर्ष के साथ -साथ बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा के विद्यार्थी,शिक्षकगण एवं अन्य सहयोगियों ने बड़े उत्साह पूर्वक ढंग से मनाया ।

विद्यालय में गत सप्ताह को आज़ादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ जैसे कि 'मेरी माटी मेरा देश', 'भूलेगा तुझे न तेरा हिंदुस्तान', 'तिरंगे के साथ सेल्फ़ी', 'हर घर तिरंगा' आदि आयोजित की गईं जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षकगण ने भी भाग लिया ताकि विद्यार्थियों के मन में अपने देश,अपने तिरंगे व अपने देश की माटी के लिए सम्मान सदैव जागृत रहे।

भारत के प्रति अपना स्नेह, सम्मान व कृतज्ञता प्रकट करने के लिए विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के बैंड की मधुर ध्वनि में राष्ट्रगान का स्वर सम्पूर्ण विद्यालय में गूँज उठा। राष्ट्रगान की मधुर स्वर के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।इसके बाद विद्यालय के हैड बॉय व हैड गर्ल द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे एवं ध्वज संहिता के महत्व के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए गए। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत 'अनेकता में एकता 'प्रस्तुत किया गया । वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा 'आज़ादी का महानाद' विषय पर मनोहर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई जिसने वहाँ उपस्थित सभी जनों के भीतर देशभक्ति की भावना की लहर ही दौड़ा दी। भारत की स्वतंत्रता में अपना योगदान देने वाले वीर योद्धाओं की प्रदर्शिनी भी लगाई गई। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को देखने के लिए वहाँ केवल विद्यार्थी व शिक्षकगण ही नहीं अपितु अभिभावक भी उपस्थित थे जिन्होंने करतल ध्वनि से छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

अंत में विद्यालय के छात्र परिषद के उपाध्यक्ष क्षितिज शर्मा द्वारा देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण कविता का वाचन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया तथा जय हिन्द के घोष से सम्पूर्ण विद्यालय गूँज उठा ।

जय हिन्द !

स्वतंत्रता दिवस की मनोहर झलकियाँ

प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता:दीपा चतुर्वेदी